कृष्णा सोबती के उपन्यास **'समय सरगम'** का विषय एकदम अनूठा है। इसमें वृद्धों की दुनिया का ऐश्वर्य लोक रचने की कोशिश है। 'समय सरगम' के बहाने कृष्णा सोबती जी ने बुजुर्गों की दुनिया में धरती के साथ ऐसे अनेक मनोभावों को सूक्ष्म स्तर पर अभिव्यक्त करने की कोशिश की है, जिससे हमारा युवा वर्ग बेखबर है। वह प्रायः बुजुर्गों को समझाने में गलती कर जाते है। उपन्यास की मुख्य पात्र 'आरण्या' और उसका पड़ोसी ईशान के संवाद के माध्यम से जीवन के अंतिम पड़ाव के संघर्ष और संकल्प अभिव्यक्ति का प्रयास है। बस्तियों में जीते वरिष्ठ नागरिकों की यह कहानी जितनी प्रामाणिक है, उतनी ही संवेदन सिक्त भी।

इसी प्रकार नारी समस्याओं का चित्रण हमें उनके, यारों के यार, तिन पहाड़, ऐ लड़की आदि उपन्यासों में भी मिलता है। जहाँ नायिका अलग–अलग संदर्भों में संघर्ष करती हुई दिखायी गई है। उन्होंने अपने कहानी संग्रह 'बादलों के घेरे' में २४ कहानियों को शामिल किया है। जिसमें लामा, सिक्का बदल गया, दादी अम्मा, बहनें, बदली बरस गयी, डरो मत, मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा इत्यादि के माध्यम से नारी विमर्श का विस्तृत अध्याय हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है। अपने यात्रा संस्मरण 'बुद्ध का कमण्डल : लद्दाख' के माध्यम से वहाँ की सांस्कृतिक बोध का दर्शन कराया है, तो अपने संस्मरण, विचार, आलोचना, के माध्यम से विभिन्न विषयों पर खुले रूप में अपने विचार व्यक्त किये है।

वे अपने प्रबल एवं स्पष्ट लेखन के लिए सदैव याद किए जाएगें। भाषा वैविध्य से अपनी रचनाओं में तहलका मचाने वाली कृष्णा सोबती अपनी भाषा और रचना से कभी समझौता नहीं की। यही कारण है कि १९५२ में लिखा उपन्यास चन्ना २०१९ में प्रकाशित हुई। वे तटस्थ लेखकों में से एक थी।

निष्कर्ष :— इस प्रकार हम पाते है, कि कृष्णा सोबती के उपन्यासों में नारी पात्रों के चित्रण में द्वन्द्व एवं संकल्प की अभिव्यक्ति सहज रूप में दिखाई पड़ती है। समाज में फैले कुरीतियों, पुरूष प्रधानतावादी मानसिकता के घेरों को तोड़कर प्रगतिशील चेतना के साथ साहित्य सृजन किए है, जो एक साहित्यकार का समाज के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाता है। जिसमें सोबती जी पूरी तरह खरे उतरती है। यही कारण है कि उनके साहित्य में समय की माँग, नया दृष्टिकोण,

सामाजिक चेतना, का विभिन्न स्वरूप देखने को मिलता है।

उनकी साहित्यिक सेवा के लिए उन्हे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया। सन् २०१७ में उन्हें साहित्य में अमूल्य योगदान हेतु साहित्य का सर्वोच्च ५३ वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अत: उनके संस्कृतिक अवदान के लिए उन्हें शताब्दी की उपलब्धि या अमिट हस्ताक्षर कहा जाय, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। कृष्णा सोबती जैसे साहित्य साधकों के जीवन का अवसान भारतीय साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है।

संदर्भ ग्रंथ :—

१. सोबती कृष्णा, डार से बिछुड़ी, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९५८

२. सोबती कृष्णा, सूरजमुखी अंधेरे के, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९७२

३. सोबती कृष्णा, जिंदगीनामा, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९७९

४. सोबती कृष्णा, दिलो—दानिश, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९९३

५. सोबती कृष्णा, समय—सरगम, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, २०००

६. सोबती कृष्णा, चन्ना, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, २०१९

७. सोबती कृष्णा, मित्रों मरजानी, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९६७

८. सोबती कृष्णा, यारों के यार, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९६८

९. सोबती कृष्णा, तिन पहाड़, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९६८

१०. सोबती कृष्णा, ऐ लड़की, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९९१

११. सोबती कृष्णा, जैनी महरबान सिंह, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, २००७

१२. सोबती कृष्णा, गुजरात पाकिस्तान से गुजरात हिंदुस्तान, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, २०१७

१३. सोबती कृष्णा, बादलों के घेरे (कहानी संग्रह) राजकमल प्रकाशन दिल्ली, १९८०

32

नाथपंथ का हठयोग

डा० प्रवीण कुमार गुप्त
भगवान दास शकुंतला देवी महिला महाविद्यालय,
बदुरहिया चौराहा, चौरी चौरा, गोरखपुर
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर (उ०प्र०)

समस्त भारतीय धर्म दर्शन एवं उपासना पद्धतियॉ में योग का महत्व सर्वमान्य है। भारतीय संस्कृति की कोई भी विचार धारा ऐसी नहीं है, जिसमें योग की महत्ता न माना गया हो। कहने का तात्पर्य यह है कि भारतीय संस्कृति के अभ्युदय से वर्तमान समय में भी आध्यात्मिक साधन में योग प्राचीन भारतीय परम्परा और संस्कृति की अमूल्य देन है भारतीय परम्परा की यह विशिष्टता है कि यह जीवन की समस्याओं का मात्र सैद्धान्तिक विवेचना नहीं करता बल्कि उसका व्यावहारिक समाधान योग के माध्यम से भीप्रस्तुत किया गया है और यह समाधान तात्कालिक न होकर शाश्वत होता है और इस शाश्वत समाधान के रूप में मोक्ष को जीवन का चरम लक्ष्य माना है। सम्पूर्ण विद्या के रूप में योग साधना की दो समानान्तर धाराऐं पतंजलि योग दर्षन एवं महा योगी गोरक्षनाथ द्वारा प्रतिष्ठापित नाथपंथ क्रियात्मक योगहठ योग है। यह दोनों पद्धतियॉ एक दूसरे की पूरक है।

भारतीय साधना एवं धर्म में योग साधना के उन्नयन में महायोगी गुरू गोरक्षनाथ का योगदान अमिट है। अपने समय में ही नहीं बल्कि वर्तमान परिस्थितियों की समाधान करने में सक्षम है। महायोगी गोरखनाथ द्वारा तत्कालिन सामाजिक धार्मिक जीवन में नाथपंथ का प्रवर्तन करके एक नये युग का सूत्रपात किया है। भारत वर्ष के समस्त सम्प्रदायों के जीवन पद्धति को नाथपंथ ने प्रभावित किया है। गुरू गोरक्षनाथ ने अपने

वैश्विक जीवन-मूल्य और गांधी

डॉ. रमाकान्त

जन्मतिथि : 10-06-1979

पिता : श्री मनई भगत

माता : श्रीमती पानमती देवी

शिक्षा : एम.ए. हिन्दी विभाग पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़

: यूजीसी (नेट), जून 2009

: पी-एच.डी. (हिंदी विभाग), पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़, 2013

उपलब्धियाँ : विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित व अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में पत्र वाचन

लेखन : 1फैसला (कहानी संग्रह)

2 प्रिया (उपन्यास)

सम्पादन : 1 डॉ. रामविलास शर्मा और उनका चिन्तन

: 2 आधुनिक कथा चिन्तन एवं आधुनिकता बोध

सम्पर्क : ग्राम- भिंगारी बाजार, खण्ड-3, पोस्ट भिंगारी बाजार, जिला- देवरिया, उत्तरप्रदेश, भारत, पिन-274702

चलभाष- 096463-75961

सम्प्रति : सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय, कालका पंचकुला, हरियाणा।

ईमेल : ramakantphd@gmail.com

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

साहित्य संचय
ISO 9001 : 2015 प्रमाणित प्रकाशन
हम करते हैं समय से संवाद
www.sahityasanchay.com
e-mail : sahityasanchay@gmail.com
Mob. : 9871418244, 9136175560

₹ 200

ISBN : 978-93-89809-51-0



© लेखक

ISBN : 978-93-89809-51-0

प्रकाशक

साहित्य संचय

वी-1050, गली नं. 14, पहला पुस्ता,
सोनिया विहार, दिल्ली-110090
फोन नं. : 09871418244, 09136175560
ई-मेल - sahityasanchay@gmail.com
वेबसाइट - www.sahityasanchay.com

ब्रांच ऑफिस

ग्राम : बहुरार, पोस्ट : ददरी
थाना : नानपुर, जिला : सीतामढ़ी
पटना (बिहार)

नेपाल ऑफिस

राम निकुंज, पुतलीसड़क
काठमांडो, नेपाल-44600
फोन नं. : 00977 9841205824

प्रथम संस्करण : 2021
कवर डिजाइन : प्रदीप कुमार

मूल्य : ₹ 200/- (भारत, नेपाल)
मूल्य : $ 7/- (अन्य देश)

VAISVIK JEEVAN-MULYA AUR GANDHI
Edited by Dr Ramakant

साहित्य संचय, वी-1050, गली नं. 14, पहला पुस्ता, सोनिया विहार, दिल्ली-110090 से मनोज कुमार द्वारा प्रकाशित तथा **श्रीबालाजी ऑफसेट,** दिल्ली द्वारा मुद्रित।

आशीर्वचन

श्रीमती भावना विक्रय पंडित
प्रिंसिपल, एन.एम. जैन, गर्ल्स सीनियर सेकेन्डरी, स्कूल
भारत नगर चौक, लुधियाना

रमाकांत जी की यह पांचवी पुस्तक 'वैश्विक जीवन मूल्य और गांधी' है। मुझे प्रसन्नता है कि लेखन कार्य में, ये अपने समय का ज्यादा भाग देते हैं और कामना करती हूं कि लगातार क्रियाशील रहें।

अनुक्रम

1. हरियाणवी लोक साहित्य में नारी की दशा — 9
डॉ. रामाकान्त

2. भारतीय जीवन-मूल्य और-विश्व — 20
डॉ. लक्ष्मी तिवारी

3. समकालीन भारत एवं विश्व में गाँधी के चिंतन व जीवन-सिद्धांतों की प्रासंगिकता — 31
अभिषेक सौरभ

4. महाभारतकाल में भारतीय जीवन-मूल्यों का समीक्षात्मक अध्ययन — 38
आशा सिंह

5. भारतीय जीवन-मूल्य और विश्व — 43
रोशनी चंद्राकर

6. भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्य — 48
मनोज कुमार जायसवाल

7. भारतीय संस्कृति : मानवीय जीवन-मूल्य — 54
डॉ. नीलाक्षी जोशी

8. भारतीय जीवन-मूल्य और विश्व — 59
ईश्वर चंद्र

9. भारतीय जीवन-मूल्य — 65
प्रा. आनंद रणजीत वक्षी

10. भारतीय संस्कृति, समाज और साहित्य में प्रतिबिंबित वैश्विक जीवन-मूल्य — 68
भूपेश

11. भारतीय साहित्य में अंतर्निहित जीवन-मूल्य 76
एस. कुमार गौर

12. भारतीय जीवन-मूल्य और विश्व 80
डॉ. जोगेंद्र सिंह विसेन

13. नारी-साहित्य और भारतीय जीवन-मूल्य 86
डॉ. फ्रान्सिस्का कुजूर

14. स्त्री-मुक्ति और गाँधी 95
नेहा साहू

15. प्रासंगिकता और गाँधी 101
शीतल प्रसाद

16. वैश्विक आतंकवाद और गाँधी 106
कुमारी गंगेश्वरी सिंह

17. वैश्विक आतंकवाद और गाँधी 115
डॉ. वासुदेव प्रजापति

18. वैश्विक आतंकवाद और गाँधी 120
मुकेश कुमार

19. वैश्विक आतंकवाद की समाप्ति में गाँधी दर्शन की प्रासंगिकता 134
डॉ. राहुल उठवाल

20. वैश्विक आतंकवाद और गाँधीवाद 143
लक्ष्मी अल्डा

21. राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी 152
और महात्मा गाँधी का दृष्टिकोण
डॉ. रामानेक कुशवाहा, डॉ. रौनक कुमार

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

हरियाणवी लोक साहित्य में नारी की दशा

डॉ. रामाकान्त
हिन्दी डिपार्टमेण्ट
गवर्नमेन्ट पी.जी. कॉलेज कालका
पंचकुला, हरियाणा

हरियाणा की संस्कृति में नारी को इतनी स्वतन्त्रता नहीं है कि वह अपने भावों को स्पष्ट रूप से कह सके। नारी के परम्परागत रूप को ही आज भी स्वीकार किया जाता है। दमित वासनाएं, इच्छाएं, कुण्ठा, हीनभावना, घुटन, तनाव, उदासी, व्याकुलता, स्वतन्त्रता की छटपटाहट आदि मनोभावों को इन गीतों के माध्यम से चित्रित किया गया है। मनोवैज्ञानिकता के माध्यम से इन गीतों में संस्कृति की झलक मिलती है।

सावन मास के गीतों में सयोंग-वियोग श्रृंगार का मिश्रण मिलता है। वहू अपने पीहर में होती है। नारी अपने झूलने की मनोकामना को रोक नहीं पाती। उसकी मां उसे झूलने की मनाही करती है तो भी नारी झूलने अवश्य जाती है। वह प्रियतम से मिलने की कामना करती है।

उसको पिया की स्मृति हो आती है। अतः पपीहे को पिऊ-पिऊ न करने का आग्रह करती है। जायसी कृत 'पदमावत' की नायिका की तरह उसका हृदय विरहाग्नि में दग्ध है। विधवा की पीड़ा को भी इन गीतों में वर्णित किया जाता है। व्याकुलता का एक उदाहरण देखिए–

"कोए पी-पी पपैया हे बैरी बोलता
कोए बालै से पीउ-पीउ के बोल
तूं मत बोलै रे पपैया बैरी नीम मैं
कोए सामण कै म्हीनैं आवैं तीलड़ी
कोए सब कै ए तीजां का चाव
तूं मत...

भारतीय साहित्य में अंतर्निहित जीवन-मूल्य

एस. कुमार गौर
सहायक प्राध्यापक शा. रानी सूर्यमुखी देवी
महाविद्यालय छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

"भारतीय साहित्य की परिधि जितनी व्यापक है, उतनी ही गहन भी। समग्र भारतीयता का बोध भारतीय साहित्य में होता है। कहना गलत न होगा कि भारतीयता की संकल्पना का साकार रूप ही है भारतीय साहित्य। भारतवर्ष की नानाविध जातियों, समूहों, वर्गों, समाजों की भावभूमि भारतीय साहित्य में परिलक्षित होती है। देश की विभिन्न भाषाओं, बोलियों में रचित इस साहित्य में भारतीयता के प्रायः सभी स्वर समवेत रूप से सुनाई पड़ते हैं।"[1]

भारतीय साहित्य जीवन-मूल्यों की अमूल्य निधि है। जो मानव जीवन का आधार है। आज भारत पूरे विश्व में अपनी साहित्यिक समृद्धि एवं जीवन-मूल्यों के लिए जाना जाता है। अनादिकाल से वर्तमान तक भारतीय संस्कृति जीवन-मूल्यों से परिपूर्ण रही है। इसलिए भारत को विश्वगुरु का पद मिला है। न जाने कितने वर्षों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहे, कितने आक्रमण को हमने सहन किया, युद्ध देखे, कितनी सभ्यताओं एवं संस्कृतियों का पतन हुआ लेकिन हमारी सभ्यता, संस्कृति एवं परंपराएँ आज भी जीवित है, और आगे भी सदैव बनी रहेंगी। हमारी सांस्कृतिक एकता एवं अखंडता हमारे जीवन-मूल्यों का बोध कराती है। लार्ड मेकाले ने कहा था कि-"मैंने संपूर्ण भारत में विचरण किया लेकिन मुझे यहाँ न कोई भिखारी, न कोई लूटेरा और न कोई चोर मिला। यहाँ के लोगों में उच्च नैतिक मूल्य है। जब तक हम उनके इस नैतिक मूल्य को और उनकी पुरानी शिक्षा पद्धति को खत्म नहीं करेंगे। तब तक हम भारत पर शासन नहीं कर सकते। जैसा कि हम चाहते हैं।"[2] अँग्रेजों की धारणा थी कि भारतीय मूल्यों को नष्ट करके ही हम यहाँ शासन कर सकते हैं। ब्रिटिश संसद में 02.02.1835 को उनके द्वारा कहा गया यह कथन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के महत्त्व को प्रमाणित करता है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है, जिस पर उसका वास्तविक रूप प्रतिबिंबित होता है। इस दृष्टि से भारतीय साहित्य सदा समृद्ध रहा है। समाज एवं संस्कृति के पारस्परिक समन्वय से साहित्य का निर्माण होता है। समाज एक ओर व्यक्तियों के विचारों को दर्शाता है। तो संस्कृति जीवन-मूल्यों को। चाहे वह जीवन-मूल्य व्यैक्तिक हो, पारिवारिक हो या सामाजिक, हम कह सकते है कि साहित्य जीवन-मूल्य की संवाहिका है।

साहित्यकार स्वयं एक युग की घटना होता है, वह अपने काल की घटनाओं, परंपराओं, इतिहास को अमिट करता है। उनकी रचनाएँ अपने समाज एवं संस्कृति को आगामी पीढ़ियों को दे जाती हैं। जब किसी साहित्यकार द्वारा लिखित व्यवहारिक बातें लोक में समाविष्ट हो जाती है, तब वह किसी समाज की परंपराओं एवं संस्कृति के रूप में मान्य हो जाती है। सांस्कृतिक समृद्धि एवं संपन्नता के साथ जीवन-मूल्यों की दुशाला ओढ़े साहित्य सदैव समाज के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है।

भारतीय साहित्य में जीवन-मूल्य इस तरह घुला-मिला है, जहाँ से इनको निकाल पाना कल्पना से परे है। भारतीय साहित्य में जीवन-मूल्य भारतीय दर्शन का आधार है। इसी कड़ी में गोस्वामी तुलसी दास विरचित रामचरित मानस एक महाकाव्य, के रूप में एक युगबोध साहित्य के रूप जीवन-मूल्यों की विशिष्ट व्याख्या करती है। तुलसीदास ने अपनी इस रचना के माध्यम से न केवल साहित्य को समृद्ध किया है बल्कि लोक जीवन को नई दृष्टि दी है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के रूप में स्थापित किया है। आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई, प्रजापालक, सखा, लोकरक्षक के रूप में उनके विराट व्यक्तित्व का चित्रण किया है। परिवार के मुखिया को किस प्रकार सभी के लिए समान दृष्टि एवं स्नेह रखना चाहिए, इसके महत्त्व को रेखांकित करते हुए वे लिखते हैं कि -

"मुखिआ मुखु सो चाहिऐ खान पान कहूं एक।
पालइ पोशइ सकल अँग तुलसी सहित बिबेक।।"[3]

तुलसीदास जी ने श्री राम चरित मानस के उत्तर कांड में रामराज्य की कल्पना करते हुए आदर्श शासन व्यवस्था का प्रारूप प्रस्तुत किया है। आदर्श समाज कैसा होना चाहिए तथा राजा-प्रजा के क्या-क्या कर्तव्य होने चाहिए? वे इस प्रसंग में लिखते हैं–

"दैहिक-दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।
सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।"[4]

रामराज्य में सभी लोग परस्पर प्रेम से रहते हैं, अपने-अपने धर्म का पालन

करते हैं। वेद एवं लोकशास्त्र के अनुरूप आचरण करते हैं। अपने-अपने धर्म पालन करते हैं। वेद एवं लोकशास्त्र के अनुरूप आचरण करते हैं। उनके राज्य में कोई दरिद्र, विद्याहीन, रोगी, दम्भी नहीं हैं। सभी धर्म पालन में रत हे। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि -

"नहिं दरिद्र कोउ दुःखी न दीना। नहिं कोई अबुधन लच्छन हीना।
सब निर्दभ धर्म रत पुनी। नर अरू नारि चतुर सब गुनी।।"

भरत जैसे आदर्श भाई के भातृत्व प्रेम को स्थापित करते हैं जिसको युवराज घोषित किए जाने के बावजूद भी वे राजसिंहासन छोड़कर अपने बड़े भाई श्रीराम की चरण पादुका को राजसिंहासन में स्थापित कर स्वयं वन को चले जाते हैं। आदर्श पत्नी के रूप में सीता के चरित्र का चित्रांकन किया है जो स्वयं राजवधू होते हुए भी 14 वर्ष के वनवास मे महलों का सुख छोड़कर अपने पति के साथ वनगमन को सहज स्वीकार करती है एवं प्रत्येक चुनौतियों का सामना करते हुए एक आदर्श पत्नी एवं पतिव्रता नारी का धर्म निभाती है।

तुलसी ने अपने काव्य में सभी आवश्यक मानवीय गुणों दया, क्षमा, करुणा, परोपकार, प्रेम, सहिष्णुता आदि का वर्णन किया है। इन गुणों से संपन्न व्यक्ति से ही अच्छे समाज का निर्माण हो सकता है। तुलसी के राम इन्हीं गुणों से विभूषित है, इसलिए वे कहते हैं ह। केवल राम ही उनके संकट मोचन हैं–

"एक भरों सो एक बल एक आस विस्वास।
एक राम घन स्याम हित चातक तुलसीदास।"

तुलसी के राम अवतारी हैं, जो संसार में धर्म की स्थापना एवं अधर्म के नाश हेतु मानव शरीर धारण किए हुए हैं–लोकरक्षक और लोकनायक के रूप में उनके चरित्र की स्थापना करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि -

"जब-जब होइ धरम कै हानी।
बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।
तब-तब प्रभु धरि मनुज सरीरा।
हरहिं कृपा निधि सज्जन पीरा।।"

लक्ष्मण भी अपनी पत्नी उर्मिला एवं राजदरबार के सुख को छोड़कर अपने बड़े भाई की सेवा के लिए वनवास जाने का निश्चय करते हैं एवं उनके प्रत्येक कार्य में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। एक सखा के रूप में हनुमान श्रीराम के प्रत्येक कार्यों को सफलतापूर्वक करते हैं। वानरों की सेना की सहायता से लंका विजय जहाँ एक ओर सामाजिक भावना का बोध कराती हैं, तो वहीं दूसरी ओर नकारात्मक शक्तियों का, विषम परिस्थितियों में किस प्रकार मिल जुलकर सामना करना चाहिए

यह शिक्षा भी प्रदान करती हैं। सच्चे मित्र को किस तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए इसका प्रसंग प्रस्तुत करते हुए गोस्वामी जी लिखते हैं–

"जे न मित्र दुःख होहिं दुःखारी। तिन्हहि बिलोकत भारी।।
निज दुःख गिरि सम रज करि जाना। मित्रक दुःख रज मेरू समाना।।"

श्रीराम चरित मानस में विभीषण द्वारा अन्याय, असत्य का साथ छोड़कर सत्य एवं न्याय का पक्ष लेकर उनका विरोध करना दिखाया गया है। सीताहरण को गलत बताया जाना तथा इसके लिए स्वयं मंदोदरी द्वारा अपने पति रावण का विरोध करना एवं सीता के प्रति संवेदना प्रकट करना नैतिक मूल्य का ही उदाहरण है।

आज के संदर्भ में हम पाते हैं कि वास्तविक जीवन से जीवन-मूल्य अपवर्जित हो रहे हैं। नैतिक सामाजिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा हैं परिणामतः व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक जीवन में तनाव, झगड़े, संप्रदायवाद, शोषण, अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार इत्यादि अपना मुख सुरसा की तरह फैला रहे हैं। आए दिन असामाजिक घटनाएँ घट रही है। पारिवारिक रिश्ते विश्रृंखलित होते जा रहे हैं। असामाजिक, अमानवीय घटनाओं से मानवता खुले आम शर्मसार हो रही है।

यहाँ यह कहना लाजमी होगा कि या तो हम साहित्य से दूर होते जा रहे हैं या इसमें अंतर्निहित जीवन-मूल्यों को समझ नहीं पा रहे हैं, जीवन की अंधी दौड़ में हम केवल सरपट दौड़े जा रहे है। जो मानव को दिशाहीन एवं अव्यवस्थित जीवन शैली की ओर ले जा रही है, जो कि एक बड़ी चुनौती है। एक बार पुनः हमें मूल्यों से अभिरंजित साहित्य के पन्ने पलटाने की आवश्यकता है। तभी हम अपनी सभ्यता, संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने में सफल हो पाएँगे। भारतीय साहित्य सदैव एक सजग प्रहरी के रूप में इसकी पैरवी करता है और करता रहेगा।

संदर्भ

1. डॉ. संतोष गिरहे, भारतीय साहित्य की चिंतन भूमि (संपादकीय)
2. https:eegoogleimageecnxe9r
3. हनुमान प्रसाद पोद्दार श्रीराम चरित मानस, कोड 81 गीता प्रेस गोरखपुर पृ.सं. 608
4. हनुमान प्रसाद पोद्दार श्रीराम चरित मानस, कोड 81 गीता प्रेस गोरखपुर पृ.सं. 930
5. डॉ. अशोक प्रतियोगिता साहित्य सीरिज। 147 पृ.सं. 80
6. डॉ. अशोक प्रतियोगिता साहित्य सीरिज। 147 पृ.सं. 27
7. डॉ. अशोक प्रतियोगिता साहित्य सीरिज। 147 पृ.सं 31
8. हनुमान प्रसाद पोद्दार श्री राम चरित मानस, कोड 81 गीता प्रेस गोरखपुर पृ.सं. 687

आंतरराष्ट्रीय बहुभाषिक शोध पत्रिका

प्रिंटिंग एरिया

Printing Area International Interdisciplinary Research Journal in Marathi, Hindi & English Languages

June 2021, Issue-03, Vol-01

अतिथि संपादक :

१. डॉ. राठोड अनिलकुमार

२. डॉ. शिवशेट्टे गोविंद

३. डॉ. भगवान कदम

४. डॉ. शिंदे प्रकाश

५. डॉ. शेख मुखत्यार

६. डॉ. बारले नागनाथ

७. डॉ. यशवंतकर संतोषकुमार

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

"Printed by Harshwardhan Publication Pvt.Ltd. Published by Ghodke Archana Rajendra & Printed & published at Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.,At.Post. Limbaganesh Dist,Beed -431122 (Maharashtra) and Editor Dr. Gholap Bapu Ganpat.

Reg.No.U74120 MH2013 PTC 251205

Harshwardhan Publication Pvt.Ltd.
At Post Limbaganesh Tq Dist Beed
Pin-431126 (Maharashtra) Cell 07588057695,09850203295
harshwardhanpubli@gmail.com, vidyawarta@gmail.com

All Types Educational & Reference Book Publisher & Distributors / www.vidyawarta.com

43) हिंदी स्त्री विमर्श स्त्री : सम्मान
शीला कुमारी, संगम ||157

44) 'नारी मुक्ति के सवालों में मेरी तेरी उसकी बात'
प्रा. डॉ. शेख सैबाशिरीन हारुणरशीद, औरंगाबाद, (महाराष्ट्र) ||160

45) मेहरुन्निसा परवेज की कहानियों में नारी के बदलते आयाम
डॉ. शोभना कोक्काडन, Coimbatore ||163

46) रमणिका गुप्ता के उपन्यास और आदिवासी महिला विमर्श
डॉ॰ श्रीकान्त शुक्ल, जिला—सतना (म॰प्र॰) ||168

47) कृष्णा सोबती के उपन्यासों में स्त्री चेतना की मुखर अभिव्यक्ति
एस कुमार गौर & डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत, राजनांदगाँव, छ.ग. ||172

48) सुमन राजे की कविता 'भानवी' में अभिव्यक्त स्त्री विमर्श
डॉ. वंदना प्रकाश पाटील, जि— कोल्हापुर ||176

49) मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास में स्त्री संघर्ष ('अल्मा कबूतरी' के विशेष संदर्भ में)
प्रा. वर्णेकर एम.व्ही., सातारा ||179

50) सुरेंद्र वर्मा एवं गिरीश कर्नाड के नाटकों में स्त्री—पुरुष संबंधों के अंतर्द्वंद्व
Dr. N. M Sreekanth, Payyanur ||181

51) "पिंजरे में पन्ना" उपन्यास में आदिवासी विमर्श
प्रा.डॉ. वसंत माळी, जि. औरंगाबाद ||185

52) आदिवासी साहित्य, संस्कृति और राजनीति
डॉ॰ दीप्ति सिंह, जिला—शहडोल (म॰प्र॰) ||188

53) शरद जोशी के लेखन में आदिवासी विमर्श का स्वर
काजल कुमारी सिंह, बीरभूम, पश्चिम बंगाल ||190

54) हिंदी उपन्यासों में आदिवासी विमर्श
प्रा. कैलास बबन माने, विटा ||194

55) जंगल के आसपास उपन्यास में चित्रित आदिवासी संघर्ष—चेतना
डॉ. के नीरजा, राजमहेंद्रवरम, आंध्र प्रदेश ||198

56) आदिवासी जीवन की समस्या
डॉ. रघुनाथ नामदेव वाकले, नासिक, महाराष्ट्र ||201

प्राचार्य
शास.रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय
छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

www.vidyawarta.com/03 http://www.printingarea.blogspot.com

ISSN: 2394 5303 | Impact Factor 7.891(IIJIF) | Printing Area® Peer-Reviewed International Journal | June 2021 Issue-03, Vol-01 | 0172

47

कृष्णा सोबती के उपन्यासों में स्त्री चेतना की मुखर अभिव्यक्ति

एस कुमार गौर
शोधार्थी, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी),
शास. रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया,
राजनांदगाँव (छ.ग.)

डॉ. (श्रीमती) बी.एन. जागृत
शोध निर्देशक,
शास. दिग्विजय महा. राजनांदगाँव, छ.ग.

****

शोधसार :—

'साहित्य' समाज का दर्पण है, जिसमें मनुष्य का यथार्थ समाहित होता है । साहित्यकार मानवीय मूल्यों को अपनी रचनाओं के माध्यम से पुष्ट करता है । स्वातंत्र्योत्तर कथा—साहित्य को आधुनिक भाव—बोध एवं प्रगतिशील, सृजनशीलता की पृष्ठभूमि गढ़ने वाली लेखिकाओं या उपन्यासकारों में कृष्णा जी अग्रणी है । युगीन यथार्थ को उन्होंने अपने कथा—साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत किया है । लोकतांत्रिक मूल्यों को अपने अस्तित्व का अभिन्न अंग मानने वाली कृष्णा सोबती नागरिक अधिकार और लेखकीय सम्मान के लिए आजीवन संघर्षरत रहीं । वे महिला सशक्तिकरण के पक्षधर रहीं, कृष्णा सोबती के उपन्यासों में प्रस्तुत स्त्री पात्रों के अंतर्द्वंद्व एवं संकल्प के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने अपने उपन्यासों में नारी—मन के द्वंद्व को पात्रों में जीवंत रूप दिया है । नारी जीवन की पीड़ा और दर्द को गहराई से अनुभूत कर व्यक्त किया है ।

कृष्णा सोबती अपने जिंदादिल व्यक्तित्व से मनुष्य के यथार्थ जीवन की पीड़ा और दर्द को वे गहराई से लिखती है । इसी कारण उनका लेखन पाठकों के मर्म को छू जाता है । वे हिन्दी साहित्य को उन चंद कालजयी रचनाकारों में से एक है, जिनका सम्मान उम्र के साथ घटा नहीं बल्कि बढ़ा है । युगीन यथार्थ को उन्होंने अपने उपन्यासों के माध्यम से प्रस्तुत किया है ।

विषय प्रवेश :—

'साहित्य' समाज का दर्पण है, जिसमें मनुष्य का यथार्थ समाहित होता है । देशकाल, परिस्थितियों, संस्कृतियों का वास्तविक दर्शन साहित्य में है । साहित्यकार मानवीय मूल्यों को अपनी रचनाओं के माध्यम से पुष्ट करता है । भारतीय साहित्य की विपुल संपदा ने सदैव प्राचीन काल से वर्तमान तक भारतीय मानस की ऊँचाई को विश्व पटल पर गौरान्वित किया है । जिन साहित्यकारों, साहित्यिक मनीषियों, विद्वतजनों के लेखनी व विचारों से हमारा साहित्य—संसार समृद्ध हुआ है, हम सदैव उनके योगदान के ऋणी रहेंगे ।

आधुनिक काल की साहित्यिक—संसार में कृष्णा सोबती जी 'शताब्दी' की उपलब्धि है, 'रत्नाकर' । आधुनिक कथा—साहित्यकार के रूप में उनका अपना अलग रुतबा है । अनेकानेक विषयों तथा विधाओं में लेखन कर उन्होंने अपनी मेधावी प्रतिभा का परिचय दिया है । कृष्णा सोबती भारतीय सामाजिक जीवन तथा अपनी धरती के साथ एकाकार हुई लेखिका है । उनका जीवन साधारण होते हुए भी असाधारण है । स्वयं अपना अनुभवजगत् ही उनका समग्र साहित्य प्रतीत होता है । कृष्णा सोबती का समृद्ध व्यक्तित्व और लेखन परम्परा ही उनके सफल जीवन का परिचायक है ।

यही कारण है कि उन्होंने अपने उपन्यासों में स्त्री मन की परतों की सौष्ठव पूर्ण अभिव्यक्ति की है । उनकी कहानियाँ, 'बादलों के घेरे', 'लामा', 'तीन बहनें', 'सिक्का बदल गया', 'कुछ नहीं कोई नहीं', के साथ—साथ, अधिकांश कहानियों में स्त्री के संघर्ष के साथ ही संकल्प का चित्रण दिखाई देता है ।

कृष्णा सोबती ने अपने जीवन अनुभव में तीन पीढ़ियों को जिया है । उन्होंने स्वतंत्रता के पूर्व स्त्रियों की दशा, समाज का दृष्टिकोण एवं उनकी स्थिति को देखा और समझा है । स्वतंत्र्योत्तर भारत में स्त्रियों की

बदलती भूमिका पर उन्होंने गहन विचार किया । देश के बदलते लोकतांत्रिक स्वरूप, बदलते सामाजिक दृष्टिकोण, मानव मूल्य — को उन्होंने समाज एवं देश के लिए खतरा बनाते हुए चुनौती के रूप में स्वीकार किये । वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में स्त्रियों को लेकर जो घटनाएँ घटित हो रही है वह भयावह व अमानवीय है । अपनी यथार्थ बोध एवं स्वतंत्र लेखन के जरिये कृष्णा सोबती जी ने अपनी उपन्यासों में वर्णित स्त्री पात्रों के माध्यम से एक नई बहस शुरू की । स्त्री की स्वतंत्रता, उनका आत्मसम्मान, आत्म निर्भरता, स्वावलंबन, अस्तित्वबोध, आधुनिकताबोध, लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ बराबर की हिस्सेदारी — उनके लेखन के केन्द्र में रही । उनके उपन्यासों में वर्णित स्त्री पात्रों के संघर्ष एवं द्वंद्व की मुखर अभिव्यक्ति हुई है । जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है —

'डार से बिछुड़ी' कृष्णा जी की प्रथम प्रकाशित उपन्यास है । जिसका प्रकाशन सन् १९५८ में हुआ । यह उपन्यास आँचलिक जीवन की कथा प्रस्तुत करती है । परम्पराओं और रूढ़ियों में जकड़ी नारी के फिसल जाने पर उसके भटकने की कहानी है । इसकी नायिका 'पाशो' एक निष्कलंक ग्रामीण युवती है । पाशो एक बार डार से बिछुड़ जाने पर उसे बहुत सारे कटीले रास्तों, पगडंडियों से गुजरना पड़ता है । उसकी माँ उसे छोड़कर शेखजानी के साथ भाग गई है । माँ के इस कुकर्म का फल बेचारी 'पाशो' को भोगना पड़ता है । उसके मामुओं द्वारा पिटाई, जान से मारने की धमकी पाशों के लिए मर्मांतक पीड़ा है । 'करमजली' के नाम से नामित पाशों अंत में अपनी माँ के पास हवेली में जाती है, लेकिन अंततः उसके पिता शेखों, पाशो को दीवान के घर पहुँचा देता है । जहाँ उनका विवाह दीवान के साथ होता है, अनमेल विवाह के कारण पाशो का जीवन बर्बाद हो जाता है । डार से बिछुड़ी पाशो का न कोई ठौर है, और न कोई ठिकाना । परम्पराओं और रूढ़ियों में जकड़ी पाशो फिसल गई । अन्त में पाशो अपनी भाई, मौसी, माँ से मिल जाती है । डार से बिछड़ी पाशो फिर से डार में आ मिली । लेखिका कृष्णा सोबती जी ने पाशो के रूप में नारी संघर्ष का मर्मस्पर्शी चित्र उकेरा है । नारी की दुर्दशाओं का सही मार्मिक आकलन द्वारा पाठकीय संवेदना को उभारने में नारी जीवन को घिरी दीवारों पर दरार डालने में कृष्णा सोबती को असाधारण सफलता प्राप्त हुई है।

''मित्रो मरजानी'' कृष्णा सोबती जी का दूसरा उपन्यास है । इसका प्रकाशन १९६७ में हुआ । यह पंजाब प्रांत के आँचलिक जीवन पर आधारित है । एक संयुक्त परिवार में घटित होने वाली झगड़े—फसाद, प्यार—मोहब्बत, रोना—हँसना आदि के यथार्थ चित्रण के साथ नारी की सहानुभूति पूर्ण कहानी को प्रस्तुत करती है ।

'मित्रो' कृष्णा सोबती द्वारा सृजित एक अमर पात्र है । जिसके माध्यम से नारी के दो विलक्षण विशिष्टताएँ दी है — परम्परागत रूढ़ नैतिक मान्यताओं के प्रति विद्रोही और दूसरी सनातन मानवीय मूल्य के प्रति अगाध आस्था । मित्रो अपने अधिकार को याचक या योद्धा के रूप में नहीं मांगती । सबसे पहले व आत्मबल संचित करती है । सारे आदर्शों एवं परम्परा मूल्यों से निकलकर विद्रोही बनकर नैतिकता को चुनौती देती हुई नई चेतना को व्यक्त करती है । वह संकुचित सामाजिक भावना का विरोध करती है, मित्रो के चरित्र में प्रारम्भ में वासना पूर्ति की चाह दिखाई देती है किन्तु अंत में अपने पति के प्रति निष्ठा जागृत होती है वह अनैतिकता की ओर नहीं जा पाती । आज बदलते सामाजिक परिवेश में नैतिकता—अनैतिकता संबंधी नई परिभाषाएं बन रही है । 'मित्रो मरजानी' की नायिका मित्रो का चरित्र परिवर्तित संदर्भ में नारी की नई मानसिकता का परिचायक है, जो लेखिका कृष्णा सोबती जी की प्रगतिशील रचना धर्मिता एवं सौष्ठपूर्ण अभिव्यक्ति का प्रमाण है ।

कृष्णा सोबती की उपन्यास **'जिंदगीनामा'** का प्रकाशन सन् १९७९ में हुआ । यह एक आँचलिक उपन्यास है । उपन्यास का समय प्रथम विश्वयुद्ध का है । इसमें विभाजन पूर्व पंजाब की कड़ी जिन्दगी की कुरूपता है । सन् १९८० में इसे **साहित्य अकादमी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया । इसमें पंजाब की विगत शती का जिन्दगी का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है । 'जिन्दगीनामा' के केन्द्र में 'शाहनी' को रखा गया है, लेकिन हिंदू—मुसलमानों की सांझा—संस्कृति

172

के बीच के लम्बे काल प्रवाह में घटित सामाजिक–राजनीतिक परिवर्तनों को बहुत प्रमाणिक रूप में अंकित किया गया है । अन्याय के प्रति हथियार उठाने वाली प्रतिरोध चेतना की अभिव्यक्ति दिखाई पड़ती है । तात्कालीन सामाजिक एवं सांस्कारतिक जीवन की रूढ़ियों, प्रथाओं, परम्पराओं, मान्यताओं, अंधविश्वासों का वर्णन किया गया है तथा इनके विरोध में नारी पात्रों का चित्रण किया गया है, जो लेखिका के प्रगतिशील सृजनात्मक चेतना का परिचायक है ।

'सूरजमुखी अंधेरे के' उपन्यास में नारी–जीवन की एक मनोवैज्ञानिक समस्या को उभारा गया है । उपन्यास रत्ती की कहानी कहता है । जो शैशवकाल में ही किसी अजनबी के बलात्कार का शिकार हो जाती है । इस घटना ने उसके जीवन को कटु बना दिया है । इस घटना ने उसे उसके दोस्तों, सामाजिक सम्बंधों से विलग कर दिया है, फलतः वह असहिष्णु, क्रूर और चिड़चिड़ी हो जाती है । बड़ी होने पर समाज उसे कामुक दृष्टि से देखता है । उपेक्षा, दुश्मनी और व्यंग की दीवारों ने उसे सभी से अलग कर दिया है ।

अंत में 'दिवाकर' के रूप में जब उसे सम्मान और स्वीकृति देने वाला व्यक्ति मिलता है, जिसके कुशल व्यवहारों से रत्ती अपनी मानसिक बीमारी से मुक्त हो जाती है । मानव–मन के मानसिक संघर्ष में अंततः रत्ती इसकी मुक्ति की तलाश में दृढ़ संकल्प के साथ सफल होती है जो उपन्यास 'सूरजमुखी अंधेरे' के कथ्य को स्पष्ट करता है ।

'दिलो–दानिश' कृष्णा सोबती जी का एक महत्वपूर्ण उपन्यास है । भारत में मुस्लिम–शासन के समय धीरे–धीरे एक मिली–जुली संस्कृति विकसित हो रही थी । इस तबके का खान–पान, वेशभूषा, लहजा सब कुछ मुस्लिम संस्कृति से प्रभावित था । कृष्णा सोबती ने 'दिलो दानिश' में इस परिवेश और उसमें केन्द्रित कृपानारायण वकील की उलझी हुई जिन्दगी का, हवेली और फराशतखाना के द्वन्द्व का बहुत ही विश्वसनीय और मार्मिक चित्रण किया है । हवेली का प्रतिनिधित्व करने वाली कुटुम्बप्यारी और फराशतखाने का प्रतिनिधित्व करने वाली महकबानों दोनों के अंकन में लेखिका ने अद्भुत रचनाशीलता का परिचय दिया है । पारिवारिक संहिता, पत्नी और प्रेमिका के बीच झूलता कृपानारायण का चरित्र भी बहुत जोरदार और अपनी परिणति में अत्यन्त करुणा है।

विशेष रूप से महक बानों के चरित्र–निर्माण में उनकी रचनाशीलता अपने उत्कर्ष पर है । उसके परिणति जिस तेजस्विता से होता है, उसके सामने परम्परागत पत्नी का कद बहुत छोटा हो जाता है । यह उपन्यास महकबानों के औरत होने की कहानी को प्रस्तुत करती है । जब वह अंगिया, ओढ़नी और सलवार से भिन्न एक स्वतंत्र और फैसला लेने वाली औरत के रूप में संघर्ष करके अपनी पहचान बनाने में सफल होती है । जो नारी के द्वन्द्व एवं संकल्प की सृजनात्मक अभिव्यक्ति को पुष्ट करता है ।

कृष्णा सोबती जी द्वारा रचित उपन्यास 'ऐ–लड़की' का प्रकाशन १९९१ में हुआ । 'ऐ–लड़की' पूर्णतः नारी–जीवन पर केन्द्रित उपन्यास है, जिसमें नारी के धीरे–धीरे बदलते दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया गया है । इसमें नारी को सामाजिक ढाँचे के केन्द्र में रखकर, बनी–बनाई परम्परा के विरुद्ध नारी के रूप में रखने एवं देखने की कोशिश की गई है । अम्मू समाज में बुजुर्ग वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रही है, जिसमें सामाजिक बंधन, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्य की प्रधानता है तो दूसरी ओर बेटी आधुनिक समाज में व्याप्त जड़ता का प्रतिनिधित्व करते हुए परिवार और विवाह संस्कार पर प्रश्नचिन्ह लगाती है । परस्पर संवाद के माध्यम से एक दूसरे का चरित्र खुलते जाता है । अम्मू गृहस्थ–जीवन का पालन करते हुए जीवन भर यथार्थ धरातल पर संघर्ष करती है जबकि उसकी बेटी, आधुनिक मानसिकता के प्रभाव स्वरूप अपने अलग कल्पना–लोक में विचरण करती है । माँ और बेटी दोनों ही नारी–मुक्ति के पक्षधर है, पर दोनों के दृष्टिकोण में भेद है । मानसिक द्वंद्व एवं संघर्ष के बीच का चित्रण कृष्णा सोबती जी ने किया है ।

कृष्णा सोबती के उपन्यास 'समय सरगम' का विषय एकदम अनूठा है । इसमें वृद्धों की दुनिया का ऐश्वर्य लोक रचने की कोशिश है । 'समय

सरगम' के बहाने कृष्णा सोबती जी ने बुजुर्गों की दुनिया में मस्ती के साथ ऐसे अनेक मनोभावों को सूक्ष्म स्तर पर अभिव्यक्त करने की कोशिश की है, जिससे हमारा युवा वर्ग बेखबर है । वह प्रायः बुजुर्गों को समझने में गलती कर जाते है । उपन्यास की मुख्य पात्र 'अरण्या' और उसका पड़ोसी 'ईशान' के संवाद के माध्यम से जीवन के अंतिम पड़ाव के संघर्ष और संकल्प अभिव्यक्ति का प्रयास है । दिल्ली में जीते वरिष्ठ नागरिकों की यह कहानी जितनी प्रामाणिक है, उतनी ही संवेदन सिंचित भी ।

इसी प्रकार नारी समस्याओं का चित्रण हमें उनके, यारों के यार, तिन पहाड़, ऐ लड़की आदि उपन्यासों में भी मिलता है । जहाँ नायिका अलग—अलग संदर्भों में संघर्ष करती हुई दिखायी गई है । उन्होंने अपने कहानी संग्रह 'बादलों के घेरे' में २४ कहानियों को शामिल किया है । जिसमें लामा, सिक्का बदल गया, दादी अम्मा, बहनें, बदली बरस गयी, डरो मत, मैं तुम्हारी रक्षा करूँगा इत्यादि के माध्यम से नारी विमर्श का विस्तृत अध्याय हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है । अपने यात्रा संस्मरण 'बुद्ध का कमण्डल : लद्दाख' के माध्यम से वहाँ की सांस्कृतिक बोध का दर्शन कराया है, तो अपने संस्मरण, विचार, आलोचना, के माध्यम से विभिन्न विषयों पर खुले रूप में अपने विचार व्यक्त किये है ।

वे अपने प्रबल एवं स्पष्ट लेखन के लिए सदैव याद किए जाएंगे । भाषा वैविध्य से अपनी रचनाओं में तहलका मचाने वाली कृष्णा सोबती अपनी भाषा और रचना से कभी समझौता नहीं की । यही कारण है कि १९५२ में लिखा उपन्यास चन्ना २०१९ में प्रकाशित हुई । वे तटस्थ लेखकों में से एक थी ।

निष्कर्ष :—

इस प्रकार हम पाते है, कि कृष्णा सोबती के उपन्यासों में नारी पात्रों के चित्रण में द्वन्द्व एवं संकल्प की अभिव्यक्ति सहज रूप में दिखाई पड़ती है । समाज में फैले कुरीतियों, पुरूष प्रधानतावादी मानसिकता के घेरों को तोड़कर प्रगतिशील चेतना के साथ साहित्य सृजन किए है, जो एक साहित्यकार का समाज के प्रति उत्तरदायित्व को दर्शाता है । जिसमें सोबती जी पूरी तरह खरे उतरती है । यही कारण है कि उनके साहित्य में समय की माँग, नया दृष्टिकोण, सामाजिक चेतना, का विभिन्न स्वरूप देखने को मिलता है ।

आज कृष्णा सोबती जी हमारे बीच नहीं रही लेकिन उनका साहित्यिक अवदान समाज को सदैव अपनी रचनाधर्मिता के साथ मार्गदर्शन करती रहेगी । अपने कथा—साहित्य में जिन पात्रों के माध्यम से नारी विमर्श की बुनियाद उन्होंने रखी है वह समाज में छटपटाती हुई नारियों को उनके सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक बंधनों से मुक्त करने के लिए प्रेरित करती रहेगी । निश्चय ही कृष्णा जी का साहित्यिक यात्रा युगीन यथार्थ और दायित्वबोध के लिए प्रकाश स्तम्भ के भाँति सम्पूर्ण मानव जगत को प्रकाशित करती रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ :—

१. सोबती कृष्णा, डार से बिछुड़ी राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९५८

२. सोबती कृष्णा, सूरजमुखी अंधेरे के राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९७२

३. सोबती कृष्णा, जिंदगीनामा, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९७९

४. सोबती कृष्णा, दिलो दानिश, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९९३

५. सोबती कृष्णा, समय—सरगम, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, २०००

६. सोबती कृष्णा, मित्रों मरजानी, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९६७

७. सोबती कृष्णा, यारों के यार, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९६८

८. सोबती कृष्णा, तिन पहाड़, राजकमल प्रकाशन दिल्ली प्रथम संस्करण, १९६८

□□□